हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

**रोहतक,** बुधवार, 17 दिसंबर, 2025

9 वॉलीबॉल में ढाका ढाणी और खो-खो में ढाणी छतरियां प्रथम



10 ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में किया रोष प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### मताना में मेंसैंड आर्ट शो का आयोजन आज

**फतेहाबाद।** जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मताना में वीर बाल दिवस के उपलब्ध में बुधवार 17 दिसंबर को सैंड आर्ट शो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में रेत कला और चित्रकला के माध्यम श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को प्रदर्शित किया जाएगा।

### फर्जी नशा मुक्ति केन्द्र संचालन में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** फर्जी नशामुक्ति केन्द्र चलाने के मामले में रतिया पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रवि लाल उर्फ गोलू पुत्र शंकर लाल निवासी मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में तीन अन्य आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि यह मामला फर्जी नशा मुक्ति केन्द्र संचालन से संबंधित है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की।

### सड़क हादसे में मौत के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** नेशनल हाइवे पर एक ट्रक की टक्कर से कैंटर सवार क्लीनर की मौत होने के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोनू पुत्र राजेश, निवासी गरनपुरा, जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दुर्घटना में प्रयुक्त ट्रक भी बरामद किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि यह मामला 10-11 दिसम्बर की रात का है, जब एनएच-9 सिरसा-हिसार बाइपास पर दौलतपुर कट के पास एक ट्रक चालक द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाही से अचानक ब्रेक लगाने के कारण पीछे से आ रहा कैंटर वाहन ट्रक से टकरा गया। इस दुर्घटना में कैंटर में सवार क्लीनर गुरनाम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### शराब बेचने के आरोप में युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** थाना शहर टोहाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक युवक को काबू किया है। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से अवैध देशी शराब बरामद कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम गशत एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी पर थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि नंद लाल पुत्र लक्ष्मण दास निवासी गुप्ता कॉलोनी, टोहाना चंडीगढ़ रोड स्थित सांवरिया राइस मिल के सामने अवैध रूप से शराब बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी।

## मिसमैनेजमेंट में चलते आमजन बूंद-बूंद पानी को तरसे

# ट्यूबवेल लगे 8 माह बीते, अभी तक नहीं बिछाई पाइप लाइन

ट्यूबवेलों की लागत लोगों ने व्यक्तिगत रूप से की थी इकट्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭भट्टूकलां

भट्टू मंडी में जल संकट गहराता जा रहा है। आमजन के सहयोग से लगाए गए दोनों ट्यूबवेल जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए और नकारा साबित हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि ट्यूबवेल लगाए जाने के लगभग 8 महीने बीत जाने के बावजूद आज तक ट्यूबवेल से टैंकरों/टैंकों तक पाइपलाइन ही नहीं बिछाई गई, जिसके कारण ट्यूबवेल नकारा साबित हो रहे है! बता दें कि इन ट्यूब्वेलों का विधिवत उद्घाटन पूर्व विधायक दुड़ा राम द्वारा बड़े उत्साह के साथ किया गया था। इसके बाद लोगों में यह उम्मीद जगी थी कि अब पेयजल समस्या से निजात मिलेगी। उस समय पूर्व विधायक दुड़ा राम ने विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट कहा था कि शीघ्र ही इन ट्यूब्वेलो का कनेक्शन पाइपलाइन द्वारा जलाशयों में कर दिया जाए परंतु लगभग 8 महीने के करीब बीत जाने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। यह ट्यूबवेल केवल मात्र शो पीस बन कर रहे गए हैं। उस समय मंडी व कई समाज सेवियों के सहयोग से इन ट्यूब्वेलों की लागत भी इन लोगों द्वारा व्यक्तिगत रूप से इकट्ठा की गई थी, परंतु इसका असर विभाग के अधिकारियों पर नहीं पड़ा और अभी तक इसके कनेक्शन नहीं किए गए हैं जिससे यह साबित होता है कि विभाग आग लगने पर भी कुआं खोदने वाली स्थिति में है। यदि समय रहते इसमें कनेक्शन पाइपलाइन से कर दिया जाता तो पानी की व्यवस्था सही ढंग से हो जाती। उद्घाटन के बाद जरूरी तकनीकी व्यवस्थाएं और पाइपलाइन कार्य पूरा न होना प्रशासनिक लापरवाही व मिसमैनेजमेंट को उजागर करता है।



भट्टूकलां। नकारा पड़े ट्यूब्वैल। *फोटो: हरिभूमि*

### महंगे दामों पर पानी खरीदने को मजबूर लोग

स्थिति यह है कि जल घर के पानी के टैंक पूरी तरह खाली पड़े हैं। गांव/क्षेत्र के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। मजबूरी में लोगों को महंगे दामों पर टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिससे आमजन पर आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि जब ट्यूबवेल तैयार थे तो समय रहते नलकूपों से जलघर तक पाइपलाइन क्यों नहीं बिछाई गई। लोगों का कहना है कि यदि योजना को सही तरीके से क्रियान्वित किया जाता, तो आज जल संकट की नौबत ही नहीं आती।

### क्या कहते हैं अधिकारी व जनता

इस संबंध में जब विभागीय अधिकारियों से बात की गई तो एसडीओ सतपाल रोहज ने कहा कि ट्यूबवेल चलवाकर टैंक को भरवा दिया जाएगा और जल आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, जनता का कहना है कि केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा, बल्कि स्थायी समाधान की जरूरत है। जब तक ट्यूबवेल से टैंकों तक पाइपलाइन बिछाकर नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक समस्या बनी रहेगी।


# झोलाछाप डॉक्टर के घर छापा

- अवैध दवाइयां व उपकरण बरामद, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अवैध रूप से मेडिकल प्रैक्टिस करने वाले झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध एक्शन लेते हुए फतेहाबाद पुलिस टीम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ गांव बहबलपुर में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एक घर में बने कमरे से विभिन्न प्रकार की अंग्रेजी दवाइयां और मेडिकल उपकरण बरामद किए हैं जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव बहबलपुर निवासी जगशेर सिंह पुत्र जीत सिंह झोलाछापा डॉक्टरी का काम करता है और लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। जगशेर सिंह के विरुद्ध अवैध मेडिकल गतिविधियों की शिकायत मिलने पर इस बारे पुलिस ने सिविल सर्जन फतेहाबाद को पत्राचार किया गया। इसके पश्चात डॉ. अरुण लाम्बा, मेडिकल ऑफिसर पीएचसी हिजरावा कलां एवं ड्रग कंट्रोल ऑफिसर दिनेश कुमार की संयुक्त टीम पुलिस के साथ आज गांव बहबलपुर में मौके पर पहुंची।





**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर में मकान से बरामद दवाइयां। *फोटो: हरिभूमि*

### 22 प्रकार की अंग्रेजी दवाइयां बरामद

*मौके पर जांच के दौरान आरोपी के घर में बने एक कमरे से 22 प्रकार की अंग्रेजी दवाइयां तथा 5 प्रकार के मेडिकल उपकरण बरामद किए गए। आरोपी दवाइयों से संबंधित कोई वैध ड्रग लाइसेंस, खरीद-बिक्री रिकॉर्ड अथवा मेडिकल प्रैक्टिस से जुड़ा कोई सरकारी पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। बरामद सामग्री को नियमानुसार सील कर कब्जे में लिया गया। जांच के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया। इस कार्रवाई में बिना लाइसेंस दवाइयां रखने, अवैध क्लीनिक चलाने तथा आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने के गंभीर आरोपों में मामला दर्ज किया गया है।*

*आज शाम तक जमा करवाने होंगे कागजात*

# 1984 सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के परिजन को मिलेगी सरकारी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा सरकार ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम में लेवल वन, लेवल 2 और लेवल 3 के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाएगी। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि सरकार ने हरियाणा के ऐसे परिवारों को नौकरी देने का निर्णय लिया है जिनके परिवार के सदस्य की 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में हरियाणा या हरियाणा से बाहर मौत हुई है। नौकरी हरियाणा में ही दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला फतेहाबाद से प्रभावित परिवार 17 दिसंबर शाम 5 बजे तक उपायुक्त कार्यालय फतेहाबाद में निम्नलिखित जानकारी के साथ कागजात जमा करवाएं ताकि सरकार के पास समय पर भेजे जा सकें। प्रार्थी मृतक का नाम, दिनांक और स्थान जहां पर मौत हुई थी, मृत्यु प्रमाण पत्र की कॉपी, एफआईआर की कॉपी या अन्य संबंधित कागजात जो सिद्ध करें कि 1984 के सिख विरोधी दंगों में उक्त व्यक्ति की मौत हुई है।

# 13 लाख रुपये की ढाई किलो अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कालांवाली

पुलिस ने जिले के गांव चौटाला क्षेत्र से राजस्थान के एक अफीम तस्कर को करीब 13 लाख रुपये की ढाई किलोग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। डीएसप कालांवाली संदीप धनखड़ ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान यह खुलासा किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के दौरान पुलिस की यह दूसरी बड़ी सफलता है। तस्कर की पहचान भाचंद उर्फ राजू लाल निवासी जिला चितौड़गढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। डीएसपी संदीप धनखड़ ने बताया कि सीआईए स्टाफ कालांवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार को गुप्त सूचना मिली कि चितौड़गढ़ निवासी भागचंद उर्फ राजू लाल अफीम तस्करी का काम करता है और आज राजस्थान से भारी मात्रा में अफीम लेकर डबवाली क्षेत्र में आने वाला है। सूचना के अनुसार पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया।



**सिरसा।** पत्रकारों को जानकारी देते डीएसपी संदीप धनखड़।

# जिले में 2700 आवारा कुत्तों का हुआ टीकाकरण

- शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आवारा कुत्तों को कवर किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार जिला में आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी का कार्य शुरू हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा इस कार्य को समुचित तरीके से करवाने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आवारा कुत्तों को कवर किया जाएगा। अब तक एजेंसी द्वारा फतेहाबाद में 2700 आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी का कार्य किया जा चुका है। यह जानकारी एडीसी अनुराग ढालिया ने दी। वह लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में आवारा कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। एडीसी ने कहा कि सभी अधिकारी अन्य विभागों के साथ तालमेल करते हुए कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी कार्य को पूरा करवाएं।



**फतेहाबाद।** आवारा कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी कार्य को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एडीसी। *फोटो: हरिभूमि*

### कमेटी गठित

जिला स्तर पर ज्वाइंट टास्क फोर्स व जिला निगरानी कमेटी बना दी गई है, जिसके तहत पूरी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्य में प्रगति लाते हुए रिपोर्ट को अपडेट रखें। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, डीएसपी कुलवंत सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीडीएएच डॉ. सुखविंद्र सिंह, टीएम सुरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस फसल चोर गिरोह पर लगाए लगाम

**सिरसा।** सिरसा में इन दिनों मंडियों में फसलें लेकर आ रहे किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से फसलें चोरी करने वाला गिरोह इन दिनों काफी सक्रिय है। जिसके कारण किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। किसान राजेंद्र सिंह, सुनील एमसी, राकेश खैरेकां, कृष्ण कुमार, महेंद्र सिंह, मुकेश, रूलीराम ने बताया कि वे अलसुबह 4 बजे मंडियों में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में अपनी फसलें लेकर मंडी में आते हैं। इस दौरान शहर के जोडने वाले सभी मार्ग जिसमें डबवाली रोड, रानियां रोड, बरनाला रोड, जिला नागरिक अस्पताल रोड, सिरसा-चोपटा मार्गों पर फसल बाइक चोर गिरोह सक्रिय है। उन्होंने बताया कि ये लोग बाइक पर सवार होकर आते हैं। एक व्यक्ति ट्रॉली में चढक़र फसल गट्टे में डालकर नीचे फेंक देता है और इसके बाद वह नीचे कूदकर फसल का गट्टा बाइक पर डालकर ले जाते हैं।

डीएसपी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाले भूना के ज्वेलर का आरोप

# पुलिस कर रही रैकी, जान को जोखिम

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

सीआईए फतेहाबाद के इंचार्ज इंस्पेक्टर समेत आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने और डीएसपी संजय बिश्नोई पर रीडर के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप लगाने वाले शिकायतकर्ता नरेश सोनी को एक बार फिर पुलिस ने तलब किया है। इस कार्रवाई को लेकर ज्वेलर नरेश सोनी ने पुलिस पर बेवजह परेशान करने, दबाव बनाने और आरोपियों को संरक्षण देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस अवसर पर ढाणी भोजराज निवासी एडवोकेट अजय कुमार झाझड़ा, नरेश सोनी, कृष्णा सोनी नहला, वीर सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। नरेश सोनी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जिस शिकायत के आधार पर उन्हें तलब किया गया है, वह उसी व्यक्ति द्वारा दिलवाई गई है, जिसने डीएसपी के रीडर तक पैसे पहुंचाए थे। यह सब डीएसपी संजय बिश्नोई के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले को दबाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस उनके घर और दुकान की रैकी कर रही है, जिससे उन्हें अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है।



**भूना।** स्वर्णकार समाज के लोगों के साथ नरेश सोनी।

### कल हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

नरेश सोनी ने बताया कि इस पूरे मामले से जुड़ी याचिका पर 18 दिसंबर को हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। उससे पहले उन्हें बार-बार तलब कर दबाव डालने और मामला निपटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल 2023 को उनके खिलाफ क्रिकेट सट्टा चलाने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। इसके खिलाफ उन्होंने राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण में शिकायत दी थी।

# अभियान : संदिग्ध लोगों की जांच की

- गांव रत्ताखेड़ा में रतिया पुलिस की सघन कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत थाना शहर रतिया पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से गांव रत्ताखेड़ा में विशेष कॉम्बिंग एवं चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा गांव की मुख्य गलियों, चौक-चौराहों तथा संवेदनशील स्थानों पर सघन निगरानी रखी गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की गई तथा कई युवकों व राहगीरों से पूछताछ कर उनके पहचान संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त बिना नंबर प्लेट एवं संदिग्ध अवस्था में खड़े दोपहिया वाहनों की भी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि गांव रत्ताखेड़ा पुलिस की प्राथमिक निगरानी सूची में शामिल है और यहां किसी भी प्रकार की नशा तस्करी, असामाजिक गतिविधि या सार्वजनिक अव्यवस्था को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा।



रतिया। गांव रत्ताखेड़ा में सर्च अभियान चलाती पुलिस टीम। *फोटो: हरिभूमि*

# 7 किलो अफीम तस्करी के मामले में युवक काबू

पहले आरोपी को भीमावाला बस स्टैंड से किया गया था काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

भारी मात्रा में अफीम बरामदगी के मामले में सीआईए टोहाना पुलिस ने एक ओर युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रदीप निवासी बेलरखान, अब हंसी रोड बायपास, बरवाला के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि इससे पहले इस मामले में कोहिनूर उर्फ अनुप पुत्र कुलवन्त पुत्र रिशाल सिहं, निवासी भुना, हाल किरायेदार सैक्टर 27-28, छोटी सातरोड, हिसार को भीमावाला बस स्टैंड पर हिरासत में लिया गया था। मुखबिर की सूचना पर टीम ने आरोपी को हरे रंग का बैग लिए हुए देखा। पुलिस गाड़ी को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन टीम ने तुरंत उसे रोका। आरोपी की तलाशी ली गई, जिसमें दो पारदर्शी पाउचों में कुल 7 किलो 12 ग्राम अफीम बरामद हुई। बरामदगी के बाद आरोपी को मौके पर हिरासत में लेकर थाना सदर टोहाना में 15 अक्टूबर को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। अब इस मामले में पुलिस ने एक अन्य युवक को भी गिरफ्तार किया है।

**कार्यक्रम** रतिया पहुंची बीजेपी की आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# भारत रथ यात्रा पीएम के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम : सुरेन्द्र आर्य

- आत्मनिर्भर भारत की सोच ने देश को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

भाजपा की आत्मनिर्भर भारत यात्रा का मंगलवार को रतिया पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य ने शिरकत की जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। यात्रा का नेतृत्व यात्रा के प्रदेश संयोजक संदीप सजुमा, लोकसभा संयोजक राजपाल बेनीवाल तथा रतिया विधानसभा यात्रा संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष इन्द्र गावड़ी ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव सुरेन्द्र आर्य ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से देश आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है और गरीब, किसान, युवा व महिलाओं को सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रही है। आत्मनिर्भर भारत की सोच ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। आने वाले समय में देश और अधिक मजबूत व आत्मनिर्भर बनेगा।



**रतिया।** स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर भारत बनाओ के प्रति जागरुक करते भाजपा नेता। *फोटो: हरिभूमि*

### सरकार की नीतियों से विकास कार्यों को गति मिली

लोकसभा संयोजक राजपाल बेनीवाल व रतिया विधानसभा यात्रा संयोजक इन्द्र गावड़ी ने कहा कि रतिया क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। भाजपा सरकार की नीतियों से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है। यात्रा के दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने अपनी टीम के साथ रतिया के बाजारों में दुकानदारों के पास जाकर स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर भारत बनाओ के प्रति जागरुक व प्रेरित किया तथा प्रचार सामाग्री भी वितरित की। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, भीम लाम्बा, विकास ललोढा, निर्मल सिंह, शैलेंद्र बिश्नोई, अंकित सिंगला, संदीप तनेजा, लखविंद्र सिंह, संदीप भोडिया, राजू खुम्बर चेयरमैन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे'को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर'पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'में समेटा गया है।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रणवीर सिंह की 'धुरंधर'इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।

हॉलीवुड मसाला



## ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत

**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।




## इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



## पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



## सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

टीवी मसाला



## तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।



## विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंट: द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

## भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।




### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



## खबर संक्षेप

### खरीददारी करने आई महिला का पर्स चोरी

**सिरसा।** शहर के बाजार में सरेआम महिला का पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में प्रेम नगर से रामदेव मंदिर पार्क गली नंबर तीन मुकेश देवी ने बताया कि वह और ज्योति अपने बच्चों सहित सुभाष चौक के नजदीक बाजार में पेंट चेंज करवाने के लिए आई थी। उनके पास एक थैला पर्स था, जो चोरी हो गया।

### आभूषण चोरी का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने वर्ष 2021 में गांव कोटली के एक घर से लाखों रुपए का 10 तोले सोने के आभूषण चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार साल से वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में गांव कोटली निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रिश्तेदारी में गया हुआ था। वापस आया को सामान गायब मिला।

### 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सैनी सिरसा में

**सिरसा।** आगामी 26 दिसंबर को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में वीर बाल दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। इसी कड़ी में अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करें।

### गोमाता अस्पताल में श्रीमद्भागवत कथा कल से

**ओढां।** गांव ओढ़ा के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 9 पर 132 केवी बिजली घर के निकट नवनिर्मित बेसहारा गोमाता अस्पताल में आगामी 18 दिसंबर से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा में पंडित जयदेव दधिच कथावाचन करेंगे। कथा का समय सुबह 11.15 से शाम 3.15 बजे तक का रहेगा।

### चोरी के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव गोरखपुर में मकान में हुई चोरी के मामले में भूना पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान संदीप उर्फ सोनू पुत्र राजेंद्र उर्फ हांडा, निवासी गोरखपुर के रूप में हुई है। इस मामले में इससे पूर्व तीन अन्य आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है।

### श्री शनिधाम मंदिर में शनि महोत्सव पर लगेगा भंडारा

**सिरसा।** श्री शनि अमावस्या के पावन पर्व पर गांव चौबुर्जा के श्री शनिधाम मंदिर में 12वां विशाल शनि महोत्सव व भंडारा आगामी 20 दिसंबर को होगा। सुनील अग्रवाल ने बताया कि गांव चौबुर्जा के श्री शनिधाम मंदिर में आगामी 20 दिसंबर सुबह सवा 8 बजे से ही शनि शीला पर तेल स्नान आरंभ किया जाएगा और साढ़े 8 बजे मंदिर प्रांगण में हवन किया जाएगा। सुबह साढ़े 9 बजे गौ माता को भोग लगाया जाएगा । सवा 10 बजे भगवान शनिदेव की अनुकंपा से भंडारा शुरू होगा। उसके बाद दिन के समय ही साढ़े 10 बजे शनि भजनों की अमृत वर्षा होगी।

### अनमोल ने ट्रीपल जंप इवेंट में प्रथम स्थान पाया

**फतेहाबाद।** जिला खेल अधिकारी विष्णु दास ने बताया कि लखनऊ में 13 से 17 दिसंबर तक चलने वाली 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स में एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में चिंदड़ निवासी अनमोल बिश्नोई ने ट्रीपल जंप इवेंट में प्रथम स्थान हासिल किया हैं। उल्लेखनीय है कि चिंदड़ निवासी अनमोल बिश्नोई जिला स्तरीय भोडिया खेड़ा खेल स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रशिक्षक सुंदर लाल सिहाग के पास प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। अनमोल बिश्नोई ने खेल महाकुंभ में भी दो बार प्रथम स्थान हासिल किया है। खेल अधिकारी ने अनमोल बिश्नोई के साथ-साथ अभिभावकों व एथलेटिक्स प्रशिक्षक सुंदर लाल सिहाग को बधाई दी है।

---

## फतेहाबाद व नागपुर में ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित

# वॉलीबॉल में ढाका ढाणी और खो-खो में ढाणी छतरियां की टीम ने मारी बाजी

- खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

माय भारत, फतेहाबाद द्वारा खंड फतेहाबाद व नागपुर की ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। गांव नागपुर के खेल स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिताओं में खंड नागपुर व फतेहाबाद के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता बंटी झंडी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासित, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाते हैं। इस दौरान आयोजकों द्वारा सभी प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा युवाओं को नियमित रूप से खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में माय भारत की ओर से लेखा एवं कार्यक्रम सहायक पवन सहित नेशनल यूथ वालिंटियर्स मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### 800 मीटर दौड़ में सुखवीर प्रथम

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ढाका ढाणी ने प्रथम व ढाणी ईशर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो खो प्रतियोगिता में ढाणी छतरिया ने प्रथम व मढ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से लडक़ों की 800 मीटर दौड़ में सुखवीर ने प्रथम, हैप्पी ने द्वितीय व शुभम ने तृतीय स्थान तथा लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में नानकी ने प्रथम, दीपिका ने द्वितीय व हरमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लडक़ों की लॉग जंप प्रतियोगिता में प्रिंस ने प्रथम, सुखविंदर ने द्वितीय व साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि लड़कियों की लॉग जंप प्रतियोगिता में रविका ने प्रथम, सारिका ने द्वितीय तथा प्रतिज्ञा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

## गुरुग्राम में प्रतियोगिताओं का आयोजन

# क्रेसंट स्कूल फतेहाबाद के शतरंज खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल फतेहाबाद के लिए गुरुग्राम में आयोजित अंडर-9 एवं अंडर-13 शतरंज प्रतियोगिता गौरव एवं उत्साह का प्रतीक बन गई। एनसीआर क्षेत्र के 111 प्रतिभागियों के बीच स्कूल के नन्हें शतरंज खिलाड़ियों ने न केवल आत्मविश्वास एवं धैर्य का परिचय दिया, बल्कि अविजित रहते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता का लोहा भी मनवाया। अंडर-9 वर्ग में विहान ने 6 में से 5 मुकाबले जीतकर एवं एक ड्रॉ खेलते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। रुहान ने 6 में से 4 मैच जीतकर तथा 2 ड्रॉ के साथ 5वां स्थान हासिल कर अपनी रणनीतिक समझ का शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-13 ओपन कैटेगरी में जीनत ने उत्कृष्ट खेल का परिचय देते हुए 6 में से 4 मैचों में विजय प्राप्त करते हुए वूमेन कैटेगरी में तीसरा स्थान हासिल किया। यह सफलता यहीं नहीं थमी, दूसरे दिन 14 दिसंबर को गुरुग्राम में आयोजित अंडर-11 शतरंज प्रतियोगिता में एनसीआर क्षेत्र के लगभग 100 खिलाड़ी शामिल हुए ।


**फतेहाबाद।** विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते स्कूल प्रधानाचार्या रितु सिंधु।

### पुलिस ने लगाई गश्त

प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने यह उपलब्धि अपनी एकाग्रता, धैर्य, रणनीतिक सोच एवं अनुशासन के बल पर हासिल की है। उन्होंने बताया कि यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम है बल्कि विद्यालय के लिए भी गर्व

---


**टोहाना।** वाहनों पर रिफ्लैक्टर लगाते ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी।

## धुंध के मौसम को लेकर चलाया अभियान

# ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

- लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

ट्रैफिक पुलिस टोहाना ने नरवाना रोड पर वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाया है। यह पहल खासकर धुंध वाले मौसम में वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए की गई है। टोहाना ट्रैफिक इंचार्ज उपनिरीक्षक धर्मचंद ने बताया कि अभियान के तहत मुख्य ट्रक, बस और अन्य भारी वाहन पर उच्च गुणवत्ता वाले रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। इन रिफ्लेक्टरों की मदद से वाहन रात और धुंध दोनों में आसानी से दिखाई देंगे, जिससे अन्य वाहन चालकों को सड़क पर उनकी स्थिति स्पष्ट रूप से दिख सकेगी और दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। उपनिरीक्षक धर्मचंद ने बताया कि रिफ्लेक्टर लगाने का काम अनुभवी टीम द्वारा किया गया और सभी वाहनों पर इसे सही ऊंचाई और सही स्थान पर लगाया गया, ताकि अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित हो। उन्होंने आगे कहा कि इस पहल के दौरान वाहन चालकों को भी सडक़ सुरक्षा और रिफ्लेक्टर के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

### सावधानी जरूरी

टोहाना ट्रैफिक पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे धुंध या कम रोशनी में वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, हेडलाइट्स और इंडिकेटर का सही उपयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और ऐसे कदम नियमित रूप से उठाए जाते रहेंगे। रिफ्लेक्टर अभियान से नारवाना रोड पर सुरक्षित और निर्बाध यातायात सुनिश्चित होगा और सभी वाहन चालकों तथा राहगीरों के जीवन की सुरक्षा बढ़ेगी।

---

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला स्वास्थ्य व शिक्षा का संयुक्त प्रशिक्षण



**टोहाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किसान रेस्ट हाउस टोहाना में 'पोषण भी पढ़ाई भी' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनीता के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक सक्षम बनाना रहा। मास्टर ट्रेनर सुपरवाइजर करमजीत ने जानकारी दी कि यह प्रशिक्षण 10 से 16 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें मंगलवार को अंतिम सत्र संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर नवीन गतिविधियों को अपनाने की आवश्यकता पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को इंटरएक्टिव सत्रों, डेमोंस्ट्रेशन, हाथों से की जाने वाली गतिविधियों तथा व्यवहारिक अभ्यासों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शारीरिक, मानसिक एवं प्रायोगिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहभागिता की।

### पूर्वजों के नाम से कोई पुराना खाता जानने के लिए 19 को पहुंचे पंचायत भवन

**फतेहाबाद।** वित्तीय सेवा विभाग, भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देशभर में लावारिस जमा राशि का दावा करने के लिए 3 महीने का जागृति अभियान आपकी पूंजी आपका अधिकार चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिला फतेहाबाद में भी लोगों को जागरूक करने के लिए 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे से एनआरएलएम भवन, पंचायत भवन फतेहाबाद में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी जिसके द्वारा 10 साल से अधिक समय से निष्क्रिय पड़ी धन राशि की निकासी जिसका खाता धारक या उसके परिवार के सदस्य अब भी दावा कर सकते हैं।

---

## 'नशा मुक्त हरियाणा मिशन' के तहत किया जागरूक

# नाटक के माध्यम से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 'नशा मुक्त हरियाणा मिशन' के अंतर्गत आगामी 6 जनवरी तक जिला में नशा विरोधी जागरूकता एवं रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रानियां में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम में कोरियोग्राफर कुलदीप सिंह एवं उनकी पूरी टीम ने नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर विद्यार्थियों व आमजन को जागरूक किया। नाटक के माध्यम से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। इस आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य शमशेर सिंह तथा भारतीय कौशल विकास शिक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एसोसिएट मेंबर वीरेंद्र प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।


**सिरसा।** नशे के खिलाफ नाटक की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### 110 जरूरतमंदों को वितरित किया राशन

**सिरसा।** जनकल्याण न्यास ने मंगलवार को प्रधान ओम बहल की अध्यक्षता में 224वां मासिक राशन वितरण कार्यक्रम किया। इस दौरान 110 जरूरतमंदों को राशन के साथ-साथ जग भी वितरित किए। एक विद्यार्थीको आर्थिक सहयोग भी दिया गया। मुख्यातिथि राजकुमार लूना ने न्यास द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कार्यों की प्रशंसा करते हुए अपनी ओर से भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के काम आना सबसे बड़ी सेवा है और इस सेवा से सुखद अहसास की अनुभूति होती है। पूर्व नगर पार्षद सुनील बहल ने देशभक्ति गीत गाकर माहौल को देशभक्ति बना दिया। कार्यक्रम में रमेश कथूरिया, महेश सिंगला, सुभाष बांसल, राजू शर्मा, गौरव परूथी, रवि अरोड़ा, रामेश्वरदास, सुखदयाल चंद, सतीश खन्ना, सतीश आर्या का विशेष सहयोग रहा।

---

### टैलेंट सर्च ऑनलाइन परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

- प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 11 हजार की राशि दी जाएगी

**ओढां।** एमएम मैमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओढ़ा में टैलेंट सर्च ऑनलाइन परीक्षा होगी। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 31 दिसंबर है, जबकि परीक्षा आगामी 11 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। स्कूल की प्रिंसिपल सीमा बैनीवाल ने बताया कि यह परीक्षा कक्षा 3 से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कक्षा 6 से 10वीं तक प्रत्येक कक्षा के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 11 हजार, द्वितीय को 9 हजार, तृतीय को 7100, चतुर्थ को 5100 और पंचम को 3100 रुपए का नकद पुरस्कार शील्ड और प्रमाण पत्र सहित प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार कक्षा 3 से 5वीं तक प्रत्येक कक्षा के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 5100, द्वितीय को 4100, तृतीय को 2100, चतुर्थ को 1100 रुपये और पंचम को सम्मान के साथ नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लगभग 5 लाख की छात्रवृत्ति भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

### विजय दिवस पर शहीदी स्मारक पर वीर शहीदों को किया नमन



**सिरसा।** विजय दिवस के अवसर पर मंगलवार को सिरसा के लघु सचिवालय परिसर में स्थित शहीदी स्मारक पर तहसीलदार प्रदीप अहलावत ने शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को नमन किया। साथ ही पुलिस जवानों ने शहीदों को सलामी दी। इस अवसर पर पूर्व सैनिक, अधिकारियों व कर्मचारियों पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तहसीलदार प्रदीप अहलावत ने कहा कि विजय दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और त्याग की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान के कारण ही आज हम सुरक्षित वातावरण में जीवन यापन कर पा रहे हैं।

### मांगों को लेकर किसानों ने विधायकों को सौंपे ज्ञापन

- समाधान न होने पर सीएम आवास पर पड़ाव डालने की चेतावनी

**सिरसा।** भारतीय किसान एकता ने हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर किसानों की मांगों को विधानसभा में उठाने लेकर कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला, रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला व डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल को ज्ञापन सौंपा। बीकेई प्रधान लखविंद्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा से जुड़ी हुई सभी किसान जत्थेबंदियों ने किसानों मजदूरों की ज्वलंत मांगों का ज्ञापन सौंपा है। किसानों की विधायकों व हरियाणा सरकार से अपील है कि हमारी मांगों का हल किया जाए, अगर हमारी मांगों का कोई समाधान नहीं होता है तो मजबूरन मोर्चे को 23 फरवरी 2026 से कुरुक्षेत्र मुख्यमंत्री आवास पर पड़ाव डालना पड़ेगा। इसकी जिम्मेदार हरियाणा सरकार होगी। किसान मजदूर संपूर्ण कर्जा माफी, एमएसपी पर फसलों की खरीद की गारंटी, स्वामीनाथन आयोग सी2+50 के तहत फसलों के भाव, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार, खराब हुई फसलों का पूरा मुआवजा, क्योंकि खरीफ -2025 में खराब हुई फसलों का किसानों ने आवेदन किया था।

### श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या का आयोजन



**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से सफला एकादशी पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि भजन गायकों ने श्याम बगीची आजा प्यारे सारे काम छोड़ के, भर दे रे श्याम झोली भर दे, थारै हाथां में म्हारै मणड़ै री डोर, लो आ गया श्याम मैं शरण तेरी, सांवरिया रे दिल तुझे पुकारे तू बैठा खाटू धाम, तू रुक नही पाएगा जब बाबा तुझे बुलाएगा सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद श्याम लाडली प्रतिष्ठा शर्मा, पवन शर्मा ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। बाद में पंजाब के फिरोजपुर से आए भजन गायक नकुल गुप्ता ने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई।

### लायंस ओलंपियाड का प्रथम चरण संपन्न, 308 विद्यार्थियों ने लिया भाग

- अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषय पर हुई परीक्षा

**रतिया।** द अल्पाइन टॉप स्कूल, रतिया में लायंस ओलंपियाड का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंतिम परीक्षा के रूप में साइंस ओलंपियाड आयोजित किया गया, जिसके साथ ही प्रतियोगिता के प्रथम चरण का समापन हुआ। इस अवसर पर लायंस क्वेस्ट के जिला चेयरमैन गोपाल चंद कुलरियां ने कहा कि लायंस ओलंपियाड बच्चों में ज्ञान, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस प्रकार की परीक्षाएं विद्यार्थियों को अपने स्तर को पहचानने तथा आगे बढऩे के लिए प्रेरित करती हैं। ओलंपियाड में विद्यालय ने अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञानत-तीनों विषयों की परीक्षाओं में भाग लिया। कक्षा 4 में 60, कक्षा 5 में 68, कक्षा 6 में 66, कक्षा 7 में 35, कक्षा 8 में 38, कक्षा 9 में 30 एवं कक्षा 10 में 11 सहित विद्यालय के कुल 308 छात्र-छात्राओं ने ओलंपियाड में सहभागिता की। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष हरवीर जौड़ा, जोन चेयरमैन प्रदीप बंसल, सचिव राजू अरोड़ा, वीरभान बंसल तथा डा. सोमचंद गोयल सहित अन्य लायंस सदस्य उपस्थित रहे।

---

## साइबर अपराध को रोकने के लिए एडवाइजरी

# ऑनलाइन शॉपिंग की आड़ में ठगी का नया जाल, रहें सावधान : एसपी

**फतेहाबाद।** आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन शॉपिंग और कूरियर सेवाएं हर घर की सामान्य आवश्यकता बन चुकी हैं। लोग मोबाइल ऐप्स और वेबसाइट्स के माध्यम से सामान मंगवाते हैं, लेकिन इसी सुविधा का फायदा उठाकर साइबर अपराधी भोले-भाले नागरिकों को ठगने में लगे हुए हैं। हाल ही में देशभर में पार्सल डिलीवरी स्कैम के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें लोग लाखों रुपये गवां बैठे। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की है। एसपी ने कहा कि इस स्कैम में ठग खुद को कूरियर एजेंट, कस्टम अधिकारी या विदेशी मित्र बताकर दावा करते हैं कि आपके नाम से विदेश से कोई महंगा गिफ्ट आया है। कभी-कभी इसमें सोना, हीरे-जवाहरात, नकद राशि या महंगे ब्रांडेड सामान का लालच दिया जाता है। इसके बाद कॉल, ईमेल या व्हाट्सएप संदेश भेजकर यह बताया जाता है कि पार्सल एयरपोर्ट के कस्टम विभाग में फंसा है और उसे छुड़ाने के लिए तुरंत टैक्स या शुल्क चुकाना होगा। शुरुआत में मामूली रकम मांगी जाती है, लेकिन एक बार भुगतान करने के बाद लगातार नए-नए चार्जेज की मांग शुरू हो जाती है।


एसपी सिद्धांत जैन

---

**चर्चा** | जल जीवन मिशन व एफएचटीसी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

# स्वच्छ जल प्रदान करने एवं जल संरक्षण की दिशा में गंभीरता से कार्य करें : एडीसी

### जल प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि जिला वासियों को स्वच्छ जल प्रदान करना तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने जैसी संचालित योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना प्रशासन की प्राथमिकता है। अधिकारी जल संरक्षण की दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य करें और पानी की गुणवत्ता जांच, जीरो लीकेज कैंपेन, दूषित पानी की पहचान, बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने तथा जल संरक्षण पर आधारित जागरूकता रैलियों के आयोजन पर विशेष फोकस करें। वे मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में जिला जल एवं सीवरेज मिशन के अंतर्गत आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने जिला में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को काम तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में जल जीवन मिशन की अब तक की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों से किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए शेष कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी) के पुनर्गठन पर जोर देते हुए ज्यादा से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



**सिरसा।** अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी।

### आईईसी गतिविधियों के लक्ष्यों पर भी चर्चा

इसके अलावा स्कूली बच्चों के माध्यम से भी जल संरक्षण व स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल एवं स्वच्छता से संबंधित आईईसी गतिविधियों के लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की भी समीक्षा की। अधिकारियों को जन जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया, ताकि आमजन को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## खबर संक्षेप



सिरसा। डॉ. विशाल सैनी को सम्मानित करते शिक्षाविद्।

### डॉ. विशाल सैनी उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित

**ऐलनाबाद।** पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान हिसार में आयोजित 5 दिवसीय स्वदेशी मेले के तीसरे दिन स्वदेशी जागरण मंच द्वारा अग्रसेन भवन में भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वावधान में समृद्ध भारत-महान भारत के तहत प्रबुद्धजन संगोष्ठी एवं प्राध्यापक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ऐलनाबाद निवासी प्रवक्ता डॉ. विशाल सैनी को शिक्षा के क्षेत्र में तथा समाज हेतु उपयोगी जेल-कैदियों पर किए गए शोध कार्यों हेतु सम्मानित किया गया।

### सीडीएलयू में ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम 22 से

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के शैक्षणिक सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित ऑनलाइन ओरिएंटेशन एवं सेन्सिटिजेशन कार्यक्रम 22 से 31 दिसंबर तक पूर्णतः ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। सडीएलयू के डायरेक्टर आईक्यूएसी व प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. राजकुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के कुलगुरु प्रो. टंकेश्वर कुमार हैं।

### पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

**सिरसा।** लार्ड शिवा कालेज ऑफ फार्मेसी में मंगलवार को पांच दिवसीय फेकल्टी डेवलपमंट प्रोग्राम की शुरूआत हुई। यह कार्यक्रम 20 दिसम्बर तक प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की थीम 21वीं सदी में फार्मेसी शिक्षा के उभरते रूझान है। इस कार्यक्रम में देश विदेश से कुल 95 प्राध्यापक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है और इन पांच दिनों में हर दिन एक मुख्य वक्ता अपना संबोधन प्रस्तुत करेंगे।



फतेहाबाद। विजेता खिलाड़ियों को बधाई देतीं प्रधानाचार्या रितु सिंधु।

### शतरंज की बिसात पर क्रेसंट की चमक

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल फतेहाबाद के लिए गुरुग्राम में आयोजित अंडर-9 एवं अंडर-13 शतरंज प्रतियोगिता गौरव एवं उत्साह का प्रतीक बन गई। अंडर-9 वर्ग में विहान ने 6 में से 5 मुकाबले जीतकर एवं एक ड्रॉ खेलते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। रुहान ने 6 में से 4 मैच जीतकर तथा 2 ड्रॉ के साथ 5वां स्थान हासिल किया। अंडर-13 ओपन में जीनत ने 6 में से 4 मैचों में विजय प्राप्त की। जीनत ने अंडर-11 ओपन में बेस्ट फीमेल ट्रॉफी जीती वहीं विहान ने अंडर-11 में आठवां स्थान पाया।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

## हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां/टोहाना

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने आज भट्टू व टोहाना में हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर रोष प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भट्टू में एसडीओ कार्यालय पर किए गए विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट सचिव ने की व मंच का संचालन सब यूनिट कैशियर सोनू ने किया। टोहाना में कर्मचारियों ने सब यूनिट सिटी प्रधान सूरजमल नैन की अध्यक्षता मंर प्रदर्शन किया।

मंच का संचालन सब यूनिट सिटी सचिव सुरेश कुमार ने किया। इसमें महासंघ ब्लॉक प्रधान बंशी, सह सचिव शमशेर, यूनिट सचिव सुरेश बिश्नोई, कैशियर मनदीप नैन, सब यूनिट धारसूल प्रधान सुरेश और सचिव दीपक सहित कई प्रमुख सदस्यों ने शिरकत की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बिजली कर्मचारी नेताओं ने कहा कि विभाग में जो तकनीकी कर्मचारी और फील्ड के कर्मचारियों की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी 2025 लागू करने के जो निर्देश जारी किए गए हैं वह पॉलिसी किसी भी रूप में कर्मचारियों के हित में नहीं है। यदि यह पॉलिसी अपने वर्तमान स्वरूप में लागू की गई तो इसमें विभागीय कार्यकुशलता, कर्मचारियों की सुरक्षा, मनोबल और उपभोक्ताओं को मिलने वाली सेवाओं सभी पर गहरा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। नए कार्य स्थल पर लाइन रूट एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों की अपर्याप्त जानकारी के कारण हादसों व जानलेवा दुर्घटनाओं की संभावना अत्यधिक बढ़ जाएगी। क्षेत्र की जानकारी न होने के कारण कर्मचारियों को डिफॉल्टर राशि की वसूली, बिजली चोरी की रोकथाम तथा नए कनेक्शन की साइट वेरीफिकेशन जैसे कार्यों में गंभीर कठिनाइयां आएंगी। लाइन फाल्ट लोकेशन एवं ब्रेकडाउन अटेंड करने में क्षेत्रीय जानकारी के अभाव के कारण नए कर्मचारियों को अधिक समय व संसाधनों की आवश्यकता होगी,जिससे उपभोक्ता सेवाएं प्रभावित होगी। बार-बार तबादलों के कारण कर्मचारियों में सुधार कार्य एवं सिस्टम स्ट्रैंथनिंग जैसे दीर्घकालिक कार्यों के प्रति उदासीनता और अस्थिरता उत्पन्न होगी। यूनियन ने मांग की कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी 2025 के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा यूनियन प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त बैठक शीघ्र आयोजित की जाए ताकि इस नीति पर सर्वसम्मत, व्यवहारिक एवं सुरक्षित समाधान तैयार किया जा सके, जो विभागीय दक्षता, कर्मचारी सुरक्षा एवं उपभोक्ता हितों के अनुरूप हो। आज के इस विरोध प्रदर्शन में पवन जेई, रोहताश, रोहताश, मोहिंदर, सतीश, प्रेम, दीपक, सोनू, सुरेंद्र, नरेश, संदीप, पवन, पुनीत सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।





भट्टूकलां। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध करते बिजली कर्मचारी तथा सिरसा में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध जताते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। एचएसईबी वर्कर यूनियन के बैनर तले सेंटर काउंसिल के आह्वान पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ जिलाभर में बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। कर्मचारियों ने यूनिट स्तर पर रोष जाहिर कर सरकार से फैसले को रद्द करने की मांग की है। कर्मचारी नेता सीताराम ने बताया कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी कर्मचारियों के हित में नही। इंडस्ट्रियल सबडिवीजन प्रधान विजय सैनी ने बताया कि यदि कर्मचारी ट्रांसफर किए गए तो बिजली कर्मचारी जो लाइनों की जानकारी के अभाव में हादसों का शिकार होते हैं। उन्होंने बताया कि यहां से दूसरे सर्कल में ट्रांसफर कर दिए गए तो निगम का बहुत ही जरूरी कार्य डिफाल्टिंग अमाउंट किस जगह कितनी है यह सब नई जगह नए स्टेशन पर पता नहीं चलेगी। सब अर्बन सब यूनिट व टीएल सब यूनिट ने भी विरोध प्रदर्शन एसडीओ कार्यलय बिजली टिब्बा के समक्ष जारी रखा व नाथूसरी, रानियां, जीवननगर और ऐलनाबाद की सब युनिटों ने भी अपने अपने एसडीओ कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में सतेंद्र मोंगा, जग्गू गोस्वामी, उमाशंकर, हुक्म ड्राईवर, राजेश जांगड़ा फोरमैन, रमेश बाबू, सुभाष फौजी, राजेंद्र फौजी, ताराचंद, मनोहर लाल, मुन्ना सिंह फोरमैन, बजरंग, जयदेव, अमन कंबोज, कुलदीप जांगड़ा, अनिल मुढ, राजेश जेई, मदन कंबोज जेई, सुनील खोखर आदि मौजूद थे।



फतेहाबाद। विधायक को मांग पत्र सौंपते किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल।

# किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- किसान-मजदूरों का कर्जा माफी मामला विस में उठाने की विधायक बलवान सिंह ने की मांग

किसानों, मजदूरों की समस्याओं को लेकर हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया से मिला और उन्हें 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मांग की कि वह इन मांगों को 18 दिसंबर से शुरू होने वाले हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठाकर इन्हें पूरा करवाकर किसानों, मजदूरों को राहत देने का काम करें। प्रतिनिधिमंडल में किसान नेता मलकीत उप्पल, सुरजीत उप्पल, रविन्द्र हिजरावां, राकेश अरोड़ा, भूपेन्द्र रंधावा सहित अनेक किसान शामिल रहे। किसान नेताओं ने विधायक को बताया कि प्रदेश में किसान-मजदूर वर्तमान में कई गंभीर समस्याओं का सामना करना कर रहे हैं। बदलते मौसम, सरकार की नीतियों, बाजार व्यवस्था व फसल के उचित मूल्य न होने के कारण इन्हें आर्थिक, सामाजिक व मानसिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों-मजदूरों का सम्पूर्ण कर्जा माफ किया जाए।

### खेती क्षेत्र में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट न करने की रखी मांग

इसके अलावा सभी शर्तें हटाकर किसानों को खराब फसलों का बिना भेदभाव उचित मुआवजा देने, टयूब्वैल कनैक्शन बिना शर्त जारी करने व काडा की अनावश्यक शर्ते हटाने, बिजली बिल-2025 रद्द करने, अमेरिका व अन्य देशों में दबाव में आकर खेती क्षेत्र में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट न करने, किसानों की भूमि का जबरन अधिग्रहण बंद करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व क्रॉप कटिंग में सुधार करने, बिना किसान के सहमति के केसीसी व अन्य बैंक खातों से फसल बीमा प्रीमियम न काटने, आंदोलनों के दौरान दर्ज किए गए झूठे मुकदमें तुरंत वापस लेने, मनरेगा के कार्य को तुरंत शुरू करवाने, आवारा पशुओं को उनकी उचित जगह भेजकर जान-माल के नुकसान को बचाने तथा किसानों के खेतों से निकाली जाने वाली एचटी बिजली लाइनों को किसान की सहमति के बिना न निकालने की मांग उठाई है।

# सम्पत सिंह के आने से इनेलो को मजबूती मिली 4 को फतेहाबाद में होगा स्वागत : अर्जुन चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- फतेहाबाद में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित, 20 दिसंबर की श्रद्धांजलि सभा के लिए दिया निमंत्रण

वरिष्ठ इनेलो नेता एवं रानिया के विधायक अर्जुन सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो संगठन की मजबूती पूर्व सीएम स्व. चौधरी ओपी चौटाला की मेहनत की वजह से है। प्रदेश में आज तक उन जैसा कोई प्रशासक नहीं हुआ। वो सरकार को जनता के द्वार पर लाते थे। अर्जुन चौटाला मंगलवार को फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में आयोजित ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने रतिया में भी कार्यकर्ता बैठक को संबोधित किया। यहां पहुंचने पर इनेलो जिलाध्यक्ष बीकर सिंह हड़ौली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान इनसो के प्रदेशाध्यक्ष साहिलदीप कस्वां समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। अर्जुन चौटाला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की प्रथम पुण्यतिथि पर 20 दिसंबर को तेजाखेड़ा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दिन तेजाखेड़ा स्थित संघर्ष स्थल पर पूर्व सीएम चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की समाधि का भी अनावरण किया जाएगा वहीं उनकी मूर्ति का भी शिलान्यास किया जाएगा। इस दौरान अर्जुन चौटाला ने 4 जनवरी को इनेलो के संरक्षक प्रो.संपत सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला के कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की और कहा कि सम्पत सिंह के वापस आने से पार्टी को बड़ी मजबूती मिली है। उसी दिन उनका स्वागत किया जाएगा।

# डीईईओ से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ का शिष्टमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- पदोन्नति पर दी बधाई, मांग पत्र सौंपा

उप जिला शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद अनीता बाई की जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद पद पर हुई पदोन्नति पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने खुशी जाहिर की है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट करके उन्हें पदोन्नति के लिए पुष्प गुच्छ भेंट करके बधाई और शुभकामनाएं दी। इस शिष्ट मंडल का नेतृत्व संघ के जिला प्रधान योगेंद्र वर्मा ने किया। उनके साथ खंड शिक्षा अधिकारी टोहाना सत्यपाल फोगाट, प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य चेयरमैन देवेंद्र दहिया, राज्य कानूनी सलाहकार दिलीप बिश्नोई विशेष रुप से उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रतिनिधि मंडल में पूर्व जिलाध्यक्ष विकास टुटेजा, जिला सचिव अनूप गोरा, जिला कोषाध्यक्ष पवन चमार खेड़ा, जिला संरक्षक सुरेंद्र पाल नैन, मिथिलेश रोहिल्ला, धर्मवीर झाझड़ा, प्रीतम फुटेला, श्याम सिंह एवं प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान योगेंद्र वर्मा ने बताया कि अनीता बाई काफी लंबे समय से जिला फतेहाबाद में शिक्षा अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने उप जिला शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद बनने से पहले खंड शिक्षा अधिकारी रतिया के रूप में भी काफी लंबे समय तक कार्य किया है। इस दौरान शिष्टमंडल ने मांगों का पत्र भी सौंपा।



फतेहाबाद। पदोन्नत होकर डीईईओ बनीं अनीता बाई को बधाई देते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का शिष्टमंडल। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। गांव में जागरुकता अभियान चलाते नशामुक्ति टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### गांव अहरवां व रतिया में चलाया विशेष जागरूकता व काउंसलिंग अभियान

**फतेहाबाद।** नशे के विरुद्ध फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा जागरूकता अभियान के तहत आज अहरवां और रतिया में कार्यक्रम आयोजित किए गए। एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद ने गांव अहरवां में विशेष अभियान चलाकर नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं और ग्रामीणों को जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। अभियान के दौरान नशा मुक्ति टीम ने गांव अहरवा की गलियों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर मौजूद लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया। टीम द्वारा नशे के दुष्प्रभावों, इसके सामाजिक व पारिवारिक नुकसान तथा स्वास्थ्य पर पडने वाले गंभीर प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों को यह संदेश भी दिया गया कि नशा किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि स्वयं एक बड़ी समस्या है, जिससे समय रहते बाहर निकलना आवश्यक है। जागरूकता अभियान के दौरान गांव अहरवा में 6 ड्रग पीड़ितों को चिन्हित किया।

# शहीद बाबा दीप सिंह महाविद्यालय में डीएलएड विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- नियमों, दायित्वों एवं शैक्षणिक प्रक्रियाओं से अवग करवाया

शहीद बाबा दीप सिंह शिक्षण महाविद्यालय अहरवां में डीएलएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए स्कूल इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालयीन इंटर्नशिप से पूर्व आवश्यक दिशा-निर्देश, नियमों, दायित्वों एवं शैक्षणिक प्रक्रियाओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के इंचार्ज डॉ. रसपाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल इंटर्नशिप प्रोग्राम शिक्षक प्रशिक्षण का एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक विद्यालयी वातावरण में शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया को समझने एवं व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलता है। संस्था की चेयरपर्सन डॉ. शरणजीत कौर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह ओरिएंटेशन प्रोग्राम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा और वे अपने स्कूल इंटर्नशिप प्रोग्राम को पूरी निष्ठा, समर्पण एवं सफलता के साथ पूर्ण करेंगे। इस अवसर पर प्रवक्ता विकास कुमार, रविकांत गर्ग, रेणु देवी, पूजा, अमनदीप कौर, संदीप कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



फतेहाबाद। विद्यार्थियों को संबोधित करते इंचार्ज डॉ. रसपाल सिंह।



फतेहाबाद। अंजू गांधी को बधाई देते डीईओ संगीता बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### फतेहाबाद की अंजू गांधी टीआईएल-एआई 'बेस्ट इन क्लास' चैलेंज में शीर्ष 30 विजेताओं में चयनित

**फतेहाबाद।** गांव बीघड़ स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की शिक्षिका डॉ. अंजू गांधी को 'कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग' के कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया द्वारा संचालित 'टीचर इन द लूप एआई' कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतिष्ठित टीआईएल-एआई 'बेस्ट इन क्लास' चैलेंज में शीर्ष 30 विजेताओं में चुना गया है। कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया के नई दिल्ली के निदेशक डॉ.बी. शाद्रख ने डॉ. अंजू गांधी को भविष्य की कक्षा तकनीकों को आकार देने में उनके योगदान और शैक्षिक संसाधन विकास में सराहनीय भूमिका के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया। गौरतलब है कि डॉ. अंजू पिछले कई वर्षों से यूनेस्को ओई4बीडब्ल्यू पहल से जुड़ी हैं, जहां वह मेंटर और डेवलपर के रूप में कार्य कर रही हैं। इसके अलावा वह एससीईआरटी, हरियाणा और एनसीईआरटी के विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

### क्रिप्टो करंसी निवेश के नाम पर लाखों की ठगी मामले में महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार

- 200 दिनों में निवेश की राशि दोगुनी करने का लालच दिया

**फतेहाबाद।** क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में जिला पुलिस की इकोनोमिक सेल फतेहाबाद ने एक महिला सहित दो आरोपियों को काबू किया है। काबू किए गए आरोपियों की पहचान गुरजीत कौर पत्नी हरजिंदर सिंह निवासी नांगला तथा पवन कुमार उर्फ डॉक्टर पवन पुत्र श्याम लाल निवासी कुलां के रूप में हुई है। इस प्रकरण में इससे पूर्व एक अन्य आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है। इकोनोमिक सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि यह मामला शिकायतकर्ता गुंजन भुटानी पत्नी अतुल भुटानी, प्रोपराइटर भुटानी टायर हाउस, टोहाना की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने आपसी मिलीभगत कर एक फर्जी क्रिप्टो करंसी कंपनी का हवाला देकर 200 दिनों में निवेश की राशि दोगुनी करने का लालच दिया और इस बहाने करीब 53 लाख रुपये की धोखाधड़ी की।

**सम्मान** बाल महोत्सव के विजेताओं को किया सम्मानित

# सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भागीदारी से बढ़ता है आत्मविश्वास : डॉ. सुभाष चंद्र

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन में करवाया गया पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय बरनाला रोड स्थित बाल भवन में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह में मुख्यातिथि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र ने समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में भागीदारी से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। ये प्रतियोगिताएं बच्चों के जीवन और करियर में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है और प्रतियोगिताएं बच्चों को परिश्रम करना सिखाती हैं। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करना चाहिए।



सिरसा। बाल महोत्सव के विजेताओं को सम्मानित करते सीईओ सुभाष चंद्र।

### बाल दिवस पर आयोजित हुई थी प्रतियोगिताएं

जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल ने बताया कि बाल दिवस के अवसर पर परिषद द्वारा विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में पोस्टर मेकिंग, इंग्लिश व हिंदी हैंड राइटिंग, ग्रुप डांस, वन एक्ट प्ले, सोलो डांस, रंगोली, सोलो सॉन्ग, क्लासिक सोलो डांस, फन गेम गर्ल्स बॉयज, देशभक्ति ग्रुप सोलो सॉन्ग, थाली / क्लश डेकोरेशन, वाद विवाद प्रतियोगिता, क्ले मॉडलिंग, पोस्टर मेकिंग, कार्ड मेकिंग, फन डांस, क्विज, दीया / कैंडल मेकिंग, बेस्ट ड्रामेबाज, स्केचिंग ऑन द स्पॉट सहित कई गतिविधियां शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इससे पहले मुख्यातिथि ने बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सहित अन्य सामाजिक विषयों पर बनाई गई पेंटिंग और बाल कृतियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी प्रशंसा की। मुख्यातिथि ने समारोह में निर्णायक मंडल के सदस्यों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बाल कल्याण परिषद के आजीवन सदस्य ललित जैन, सुरेंद्र सिंह वैदवाला सहित विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, उनके अभिभावक और शिक्षक उपस्थित रहे।

### मनरेगा का नाम बदलने और कानून में बदलाव से भाजपा सरकार की नीयत में खोट हुई जगजाहिर : बहबलपुरिया

- आरोप- भाजपा का गरीब विरोधी चेहरा उजागर हुआ

**फतेहाबाद।** मनरेगा कानून गरीबों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती थी लेकिन भाजपा सरकार ने एक योजनाबद्ध षड्यंत्र से इस कानून को ही खत्म करके अपने गरीब विरोधी चरित्र को ही उजागर किया है। यह बात अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन हरियाणा के उपाध्यक्ष रामकुमार बहबलपुरिया ने भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा कानून में छेड़छाड़ करने और नाम बदलने के खिलाफ अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। बहबलपुरिया ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार, विकसित भारत रोजगार गारण्टी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विकसित भारतः जी राम जी 2025 पेश करने जा रही है। भाजपा द्वारा लोकसभा में पेश बिल के शुरुआती अध्ययन से ही पता चल गया है कि इसके खोखले वादों के पीछे, भारत में मुश्किल से हासिल किए गए काम के अधिकार यानि मनरेगा को खत्म करने की एक खतरनाक कोशिश छिपी हुई है। बहबलपुरिया ने कहा कि मनरेगा, एक मांग-आधारित कार्यक्रम है जो राज्य को कानूनी रूप से रोजगार देने के लिए बाध्य करता है।